**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी मे कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता मे दिनांक 07.01.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत।**

दिनांक 07.01.2024 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता मे जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक मे निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहे :–

| क्र0 स0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.र.), झाँसी। |
| 3 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या, उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 5 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 6 | श्री रजनीश गुप्ता | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 7 | श्री योगेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता, बेतवा प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, झाँसी। |
| 8 | श्री संदीप शर्मा | सहा.अभि. प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 9 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 10 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 11 | श्री फैजल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 12 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., मेसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री लक्ष्मीनारायण | बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री वाई.एन. तिवारी | यूनिप्रो टैक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 15 | श्री अक्षय जाट | डी.पी.एम., जावा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा |
| 16 | श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति | ए.जी.एम., मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |
| 17 | श्री बलवीर सिंह | प्रतिनिधि, मेसर्स एम.एम.एस. इन्फ्राटेक, आगरा। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :–

- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी मे जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाये निर्माणाधीन है, जिनके कार्यो की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :–

**गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 42 ग्रामों मे से 42 ग्रामो का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा योजना का O&M राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। सड़क पुर्नस्थापना के कार्य की समीक्षा करने पर अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किये गये सत्यापन मे पुर्नस्थापना हेतु अवशेष पायी गयी सड़को के लगभग समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है। शेष 899.00 मीटर सड़क पुर्नस्थापना के कार्य को आगामी 03 दिनो मे पूर्ण करा दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया जा रहा है।

**बबावली ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना मे सम्मिलित 37 ग्रामो में से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के अवशेष ग्रामो का "हर घर जल" सत्यापित एवं अवशेष 1.00 किमी. सड़क पुर्नस्थापना का कार्य आगामी 03 दिनो मे पूर्ण करा दिया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

तेलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना मे सम्मिलित 25 ग्रामो से 24 ग्रामो का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिस पर योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी एक सप्ताह के अन्दर शेष ग्राम का भी "हर घर जल" प्रमाणिकरण करा दिया जायेगा तथा योजनान्तर्गत अवशेष 1.00 किमी. सड़क पुर्नस्थापना का कार्य आगामी 03 दिनो मे पूर्ण करा दिया जायेगा।



बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना मे सम्मिलित 59 ग्रामों में से 36 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत मात्र 475.00 मीटर सड़क पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष है, जिसे आगामी 03 दिवस में पूर्ण कराते हुये सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर दिया जायेगा।

इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। 7000 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 35 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जा रही है। 24659 नग एच.एस.सी. का कार्य पूर्ण किया चुका है तथा 05 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत निर्माणाधीन घटकों का स्ट्रेस टेस्ट कराया जा रहा है, जिसमें पाया गया है कि घटकों पर अधिष्ठापित स्टैण्डबाई पम्प बन्द पाये गये है तथा वर्तमान में योजनान्तर्गत लगभग 35.00 किमी. सड़क पुर्नस्थापना कार्य अवशेष है। योजनान्तर्गत ग्रामों में धीमी गति से कराये जा रहे सड़क पुर्नस्थापना कार्य पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त किया गया। योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के जी.एम. श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा अवगत कराया गया कि माह के अन्त तक योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी एवं सड़क पुर्नस्थापना का कार्य माह के अन्त तक पूर्ण करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा जनवरी–2025 तक योजनान्तर्गत प्रत्येक दशा में अनिवार्य रूप से जलापूर्ति प्रारम्भ करने एवं सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टैंक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष

Scanned with OKEN Scanner

02 नग इन्टेक वैल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट–95%, 27 नग ओवर हैड टैंक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 44360 नग एफ.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. मे 6300 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना मे सम्मिलित 19 नग एवं बरथरी ग्रा.स.पे.यो. मे 4200 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना मे सम्मिलित 14 नग ग्रामों मे शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। अनुबन्धित फर्म के पी.एम. श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा अवगत कराया गया है कि टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त कार्यों को मार्च–2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री लक्ष्मीनारायण को निर्देशित किया गया कि टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित ग्राम अत्याधिक ड्राई क्षेत्र मे होने के कारण जलापूर्ति शीघ्र प्रारम्भ किया जाना आवश्यक है। अतः उक्त योजना के कार्य प्राथमिकता पर कराते हुये कार्यों को प्रत्येक दशा मे 30 जनवरी, 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।



<u>कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामो से 70 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अनुबन्धित फर्म के ए.जी.एम. श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कराये गये सत्यापन उपरान्त अवशेष पायी गयी 18.84 किमी. सड़क के सापेक्ष 14.02 किमी. सड़क का पुर्नस्थापना कार्य करा दिया गया है एवं 4.82 किमी. सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शेष है, जिसे आगामी 01 सप्ताह के अन्दर पूर्ण करा दिया जायेगा। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम जिन स्थानों पर पाइप लाइन पूर्णतः क्षतिग्रस्त उन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर पाइप लाइन की मरम्मत करायी जायें। ताकि ग्रामों की पेयजल आपूर्ति पुनः प्रारम्भ की जा सकें तथा अपर जिलाधिकारी (न.गं.), झाँसी को आदेशित किया गया है कि दोनों अधिशासी अभियन्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुये क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करायें।

Scanned with OKEN Scanner

पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। मात्र 15 नग एम.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी. में परिवर्तित करने का कार्य शेष है। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।



बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये 58 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 03 ग्रामों में पाइप लाइन मरम्मत का कार्य प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है, जिसके पूर्ण होने के उपरान्त उक्त तीन ग्रामों में भी जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। योजनान्तर्गत आमली ग्राम में कराये जा रहे सड़क विस्तारीकरण के कार्य को यूटीलिटी डक्ट बनाते हुये कराया जायें तथा डक में बिछायी गयी पाइप लाइन को भविष्य में क्षतिग्रस्त होने से रोका जा सकें।


बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता (ग्रामीण), झाँसी को आदेशित किया गया कि योजनान्तर्गत सड़क पुर्नस्थापना कार्य एवं शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी योजनाओं को ग्रामवार विवरण विधानसभा क्षेत्रवार सम्बन्धित मा० विधायक जी को इस आशय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि वह योजनाओं का सत्यापन अपने स्तर से करा लें, ताकि योजनान्तर्गत अवशेष कमियों का निराकरण सम्बन्धित फर्म के से कराया जा सकें।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि-
पैकेज संख्या-01 में सम्मिलित पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 85.98 किमी. पाइप लाइन के सापेक्ष 59.58 किमी. पाइप लाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 55.197 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6404 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 5492 नग गृह संयोजनो का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।
पैकेज संख्या-02 में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 58.832 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 48.195 किमी. पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 48.15 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6724 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 4713 नग गृह संयोजनो का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। योजनान्तर्गत ड्राई 04 नग नलकूपों में से 01 नग नलकूप का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। धनावंटन के अभाव में

Scanned with OKEN Scanner

योजना के कार्यों की प्रगति धीमी है। शेष ड्राई नलकूपों वाले ग्रामों जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पैकेज में प्रस्तावित गृह संयोजनों के अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री बलवीर सिंह को निर्देशित किया गया।

**पैकेज संख्या–03** मे सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 104.95 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 91.246 किमी. पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 84.826 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 3515 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 2901 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। पैकेज में सम्मिलित पेयजल योजनाओं बरौर ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 300 किली. क्षमता के अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान मे विद्युत संयोजन उपलब्ध हो गया है। आगामी 15 दिनों में पैकेज के समस्त कार्यो को पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।



**पैकेज संख्या–04** में सम्मिलित 02 नग योजनाओं में प्रस्तावित 02 नग ओवर हैड टैंक के कार्य क्रमशः 90 एवं 95 प्रतिशत एवं 02 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य क्रमशः 95–95 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। पैकेज में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पैकेज के अवशेष कार्यो को माह के अन्त तक पूर्ण करा लिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यालय स्तर से उक्त पैकेज के सापेक्ष कराये गये कार्यो का विगत कई महिनों से भुगतान न होने के कारण योजनाओं के कार्यो की प्रगति धीमी है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झॉसी द्वारा निर्देशित किया गया योजना के कार्यो को शीघ्र कराया जायें।

जनपद झॉसी में निर्माणाधीन जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झॉसी नोड़ की जलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल के कार्य 90 प्रतिशत, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 85 प्रतिशत, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य 70 प्रतिशत, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का कार्य 70 प्रतिशत तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये जा चुके है। परन्तु विद्युत संयोजन प्राप्त न होने के कारण योजना के जलापूर्ति

Scanned with OKEN Scanner

प्रारम्भ नहीं हो सकी है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा आदेशित किया गया, कि शीघ्र विद्युत संयोजन प्राप्त करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। द्वितीय चरण के अन्तर्गत 2000 किली. क्षमता के 02 नग ओवर हैड टैंकों का निर्माण कार्य क्रमशः 50 प्रतिशत, 40 प्रतिशत एवं 1000 किली. क्षमता के ओवर हैड टैंक का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। वर्तमान मे योजना के 32 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किये जा चुके है। धनाभाव के कारण कार्यो की प्रगति धीमी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी मे अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (प्रथम चरण) के समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (द्वितीय चरण) के कार्यो के अन्तर्गत इन्टेक वैल पर एप्रोच ब्रिज एवं पम्प अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया चुका है। योजना के कार्यो को 25 जनवरी, 2025 तक पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वस्त किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) को जिलाधिकारी महोदय का द्वारा निरीक्षण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि गुरसरांय–गरौठा नगर पेयजल योजनान्तर्गत फुट–ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पम्प अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना के कार्यो को माह के अन्त का अनिवार्य रूप से पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी के अन्य नगर जैसे–बरूआसागर, गुरसरांय, मोठ एवं समथर में पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी निर्माण कार्यो को कराया जा रहा है, जिन्हें जुलाई–2025 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। अन्य नगरो मे पेयजल योजनाओं के कार्यो की निविदा प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अनुमोदित

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।**

पत्रांक-56/सम-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2025/01 दिनाँक: 18 जनवरी, 2025

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी महोदय, झाँसी।
5– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner